दीपावली के पर्व पर महानिदेशक की शुभकामनाएँ



दीपावली के पावन अवसर पर, मैं CISF परिवार के सभी सदस्यों एवं उनके परिजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।

दीपावली अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। यह हमें 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' की शाश्वत भावना को आत्मसात करते हुए, देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे एवं प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर प्रदान करती है।

1 नवंबर, 2026 से संगठन को कार्य-आधारित वर्टिकल्स (फंक्शनल वर्टिकल्स) में पुनर्गठित कर सीआईएसएफ ने अपने इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत की है। इस नई सुरक्षा व्यवस्था का लक्ष्य व्यावसायिकता, अधिक विशेषज्ञता और विषय-संबंधी निपुणता को बढ़ावा देना है। इस आनंदमय पर्व को मनाते हुए, आइए हम निरंतर सतर्कता बनाए रखने, उत्कृष्ट कार्यप्रणाली अपनाने तथा अपनी पेशेवर क्षमताओं को निरंतर सुदृढ़ करने के माध्यम से सुरक्षा के बदलते परिदृश्य की चुनौतियों का सामना करने का संकल्प लें। आइए, हम समर्पण, ईमानदारी एवं सेवा की अटूट भावना के साथ बल की गौरवशाली परंपराओं एवं मूल्यों को बनाए रखें।

CISF की शक्ति इसकी एकता, अनुशासन एवं सेवा की अटूट भावना में निहित है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सभी मिलकर एक सुरक्षित एवं समृद्ध भारत के निर्माण में अपना योगदान देते रहेंगे तथा 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

यह दीपावली प्रत्येक घर में सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आए तथा हमें नई ऊर्जा एवं प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करे।

आप सभी को एवं आपके परिजनों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ!

जय हिंद!

प्रवीर रंजन

(प्रवीर रंजन)
महानिदेशक